(ग) क्या इस आशय से कोई जांच की गई है कि उक्त कम्पनी द्वारा बिक्री कर विभाग और आयकर विभाग को प्रस्तुत की गई विवरणियों में भारी अन्तर है; और

(घ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण है ?

वित्त मंत्रालय में उपमंत्री (श्री जनार्दन पुजारी) : (क) से (घ) सूचना एकत्र की जा रही है और वह सभा पटल पर रख दी जाएगी।

नन्दा ट्रैक्टर्स, रोहतक द्वारा निवेश

2110. **श्री हुक्मदेव नारायण यादव :** क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हरियाणा के रोहतक शहर के नन्दा ट्रैक्टर्स के प्रबन्धकों ने कई कम्पनियों एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों के शेयरों में अपनी पूंजी लगाई है ; यदि हां, तो उन कम्पनियों के नाम और पते क्या हैं; और

(ख) क्या यह सही है कि पूंजी का हस्तान्तरण फर्जी रूप से किया गया है जिसके कारण सरकार को हर साल लाखों रुपये का नुकसान उठाना पड़ रहा है; यदि नहीं, तो क्या सरकार इसकी जांच करा चुकी है और यदि हां, तो कब और किसके द्वारा ?

वित्त मंत्रालय में उपमंत्री (श्री जनार्दन पुजारी) : (क) तथा (ख) सूचना एकत्र की जा रही है और उसे सभा पटल पर रख दिया जाएगा।

बुधवार ट्रैक्टर्स लिमिटेड आदि के प्रबन्ध व्यय

2111. **श्री हुक्मदेव नारायण यादव :** क्या **वित्त** मंत्री यह बताने का कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हरियाणा के रोहतक शहर में बुधवार ट्रैक्टर्स लिमिटेड, नन्दा ट्रैक्टर्स लिमिटेड और नव-भारत फैक्टरी के प्रबंधकों ने कम्पनी की प्रबंध व्यवस्था और स्थापना पर अधिक व्यय दिखाया है और उन्होंने उस पर कर की छूट का लाभ उठा कर सरकार को लाखों रुपये की क्षति पहुंचाई है;

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों में इन मदों पर कम्पनी ने कितना खर्च किया है और उस खर्च का औचित्य क्या था; और

(ग) क्या इस संबंध में कोई जांच की गई है; यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

वित्त मंत्रालय में उपमंत्री (श्री जनार्दन पुजारी) : (क) से (ग) रोहतक में बुधवार ट्रैक्टर्स लि० और नन्दा ट्रैक्टर्स लि० नामक ऐसी कोई कम्पनियां नहीं हैं जिनका आयकर निर्धारण किया जाता हो। नवभारत फैक्टरी नाम से भी ऐसा कोई व्यापारिक प्रतिष्ठान नहीं है जिसका रोहतक में आयकर निर्धारण होता है।

Correspondence with Hindi Speaking States in Hindi

2112. SHRI RAM BHAGAT PASWAN: Will the Minister of FINANCE be pleased to state what steps have been or are being taken by his Ministry to correspond with the Hindi-Speaking States in Hindi as per the Official Languages Rules, 1976?